समाचार

# राजस्व मंत्री ने दी वार्ड क्र. 30 मानिकपुर को गार्डन की सौगात
## (नवनिर्मित गार्डन को किया जनता की सेवा में समर्पित)



कोरबा 04 जुलाई 2021 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 30 अंतर्गत मानिकपुर में नवनिर्मित गार्डन का मुख्य अतिथि के रूप में लोकार्पण किया तथा लोकार्पण पट्टिका का अनावरण एवं फीता काटकर उक्त सुंदर उद्यान को आमजन के उपयोग हेतु समर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण आदि उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन अंतर्गत अधोसंरचना मद से वार्ड क्र. 30 मानिकपुर में 21 लाख 83 हजार रूपये की लागत से सुंदर उद्यान का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के करकमलों से किया गया। उन्होने लोकार्पण पट्टिका अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्यान को जनता के उपयोग हेतु समर्पित किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि विगत 06 वर्षो के दौरान नगर निगम कोरबा क्षेत्र में दर्जनों उद्यानों का निर्माण कराकर नागरिकों को उद्यानों की सुविधा प्रदान की गई है। इसके साथ ही मुक्तिधामों का निर्माण व जीर्णोद्धार, कब्रिस्तान, ग्रेवियार्ड का निर्माण व जीर्णोद्धार, सामुदायिक भवनों, मंगल भवनों आदि का निर्माण कर इनसे संबंधित समस्याओं का समुचित निदान किया गया है। उन्होने कहा कि यह बात किसी से छिपी नहीं है कि विगत 06 वर्षो के दौरान सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में पेयजल की समस्या का पूर्ण निदान किया गया है, बस्ती–बस्ती, घर–घर तक बिजली की सुविधा मुहैया कराई गई है, सड़कों का जीर्णोद्धार व कायाकल्प किया गया है, उन्होने कहा कि सड़क, पानी, बिजली, चिकित्सा एवं शिक्षा इन पांच बिन्दुओं से संबंधित समस्याओं के सम्पूर्ण निदान तथा इन क्षेत्रों में बेहतर–बेहतर से सुविधा उपलब्ध कराना मेरा प्रमुख लक्ष्य है, इन सभी क्षेत्रों में व्यापक रूप से कार्य किए गए हैं तथा जब तक इनसे संबंधित सभी समस्याओं का पूर्ण निदान प्राप्त नहीं कर लिया जाएगा, तब तक इस दिशा में कार्य जारी रहेगें। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि निगम क्षेत्र में स्थित सभी आंगनबाड़ी व स्कूलों का जीर्णोद्धार, मोहल्ला क्लिनिकों की स्थापना, 05 इंग्लिश मीडियम स्कूल विभिन्न स्थलों पर संचालित कराना जैसे कार्यो पर फोकस किया गया है, उन्होने

कहा कि आगे आने वाले समय में कोरबा के चारों ओर फोरलेन व टू–लेन सड़कों का जाल बिछेगा तथा कोरबा से दूसरे शहरों तक आने जाने के लिए आवागमन की सुविधा अत्यंत सुगम एवं सहज हो जाएगी।

**हम जनता को प्रतिष्ठानों के भरोसे नहीं छोड़ सकते**– इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि कोरबा में अनेक औद्योगिक प्रतिष्ठान हैं, वे अपने आधिपत्य वाले वार्डो की जनसमस्याओं पर यदि ध्यान नहीं देते, जनता के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं करते तो हम उनके भरोसे अपनी जनता को नहीं छोड़ सकते क्योंकि यहां के सभी नागरिक हमारे अपने हैं, अतः हम अपना कर्तव्य निभाएंगे, अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे, उनकी समस्याओं को दूर करेंगे, उनके सुख–दुख में साथ खड़े रहेंगे।

**सबके सुख–दुख में सहभागी रहते हैं राजस्व मंत्री**– इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि निश्चित रूप से हम सौभाग्यशाली है कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल जैसे मार्गदर्शक एवं संरक्षक हम सबको प्राप्त हुए हैं, वे सदैव सभी के सुख–दुख में सहभागी रहते हैं, कोई भी व्यक्ति अपनी किसी भी प्रकार की समस्या को लेकर उनके पास पहुंचता है, तो वे तुरंत उसका निराकरण कराते हैं। महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के मार्गदर्शन में विकास कार्य अनावरत रूप से जारी हैं तथा उनकी परिकल्पना है कि पूरे क्षेत्र में तेजी के साथ विकास हों, लोगों की सभी समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण हों। उन्होने कहा कि हम सभी जानते हैं कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के मार्गदर्शन में पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में कोरबा में ऐतिहासिक रूप से विकास कार्य हुए तथा विकास की यह गति आगे भी जारी रहेगी।

**जो भी जिम्मेदारी मिली, उसे बखूबी निभाया राजस्व मंत्री ने**– इस अवसर पर निगम के सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल को प्रदेश स्तर या किसी स्तर पर जो भी जिम्मेदारी मिली, उसे उन्होने बखूबी निभाया है तथा सफलता प्राप्त की है। उन्होने कहा कि हमारा यह सौभाग्य है कि हमें अतिसंवेदनशील मार्गदर्शक व नेता मिले हैं, जिनके निरंतर प्रयासों से कोरबा की दशा बदली है, व्यापक रूप से विकास कार्य हुए हैं, जनसमस्याएं दूर हुई हैं।

लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर पार्षद एवं कांग्रेस प्रदेश कार्य समिति के सदस्य श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, एम.आई.सी.सदस्य सपना चौहान, संतोष राठौर, फूलचंद सोनवानी, कृपाराम साहू, पार्षद दिनेश सोनी, राजेन्द्र सूर्यवंशी, एल्डरमेन संगीता सक्सेना, आरिफ खान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अर्चना उपाध्याय, पूर्व पार्षद सीताराम चौहान, रामगोपाल कुर्रे, महेश अग्रवाल, डॉ.मनहरण राठौर, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, महामंत्री विकास सिंह, बालको कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, द्रौपदी तिवारी, शांता मडावे, रामप्रकाश जायसवाल, ब्रजभूषण प्रसाद, अंकित श्रीवास्तव, विजय यादव, राजेश यादव, निगम के जोन कमिश्नर आर.के.चौबे, सहायक अभियंता तपन तिवारी, एन.के.नाथ, रेखा चौहान, निर्मलसिंह राज, भुवनेश्वर लहरे, सूरज चौहान, नारायण कुर्रे, रामजी साहू, विजय आदिले, महेन्द्र पाल, अंजू सोनी, लक्ष्मण लहरे, प्रेम यादव आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)